# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 26.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने लगाई लंबी छलांग– फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में कामयाबी मिलने पर वैज्ञानिकों को सराहा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने 6 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर कल पहुंचेगीं शिमला– प्रशासन ने किए सुरक्षा के विशेष प्रबंध।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रहा है हिमाचल।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में हिमाचल को 5 हज़ार 4 सौ करोड़ रूपये प्रदान करने का केंद्र सरकार से किया आग्रह।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में तमिलनाडु के कल्पक्कम में परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता ––

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने लंबी छलांग लगाई है और ब्रीडर रिएक्टर भविष्य के लिए नया ईंधन विकल्प है।**

**नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब 56 गीगावाट से अधिक हो गई है। पिछले वर्ष ही इसमें लगभग 6 गीगावाट की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत पवन ऊर्जा के क्षेत्र में चौथे स्थान पर है।**

**प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है और हर देशवासी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिए सभी जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों की जानकारी गोपनीय रहेगी।**

**नरेन्द्र मोदी न बताया कि भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के 20 करोड़ से अधिक दस्तावेज डिजिटाइज कर सार्वजनिक कर दिए गए हैं। इन दस्तावेज में रानी लक्ष्मीबाई से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण पत्र भी हैं, जिनसे उनके द्वारा 1857 में लिए गए कुछ निर्णयों का पता चलता है।**

**प्रधानमंत्री ने कहा कि 9 मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि टैगोर बहुमुखी प्रतिभा–संपन्न थे जिन्होंने कई प्रतिष्ठित संस्थानों को मूर्तरूप दिया।**

**प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों को गर्मियों की छुट्टी का भरपूर आनंद लेने और कुछ नया सीखने की सलाह भी दी।**

**रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।**

## राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने 6 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर कल से हिमाचल आ रही हैं। वे कल शिमला पहुंचेंगी और छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति का 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत भी करेंगी और ऐतिहासिक अटल टनल रोहतांग के बारे में जानकारी हासिल करेंगी। इसके अलावा 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई को शिमला से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं और शिमला में एक हज़ार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पालमपुर, मनाली और अटल टनल रोहतांग सहित अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और प्राकृतिक खेती को राज्य का भविष्य बनाने में डॉक्टर वाई.एस.परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने आज शिमला में वर्चुअल माध्यम से विश्वविद्यालय के लिए लगभग 35 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने हमीरपुर ज़िले के नेरी स्थित बागवानी व वानिकी महाविद्यालय में लगभग 4 करोड़ रूपये से निर्मित छात्रावास और लाहौल–स्पिति ज़िले के कृषि विज्ञान केंद्र ताबो में डेढ़ करोड़ रूपये से बने प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी किया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए हिमाचल देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रहा है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में केंद्र सरकार से हिमाचल को 5 हज़ार 4 सौ करोड़ रूपये प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में इस बैठक में शहरी चुनौती कोष पर विस्तार से चर्चा हुई। विक्रमादित्य सिंह ने छोटे शहरी स्थानीय निकायों और उनकी सीमित राजस्व क्षमता को देखते हुए हिमाचल के लिए केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में एक हज़ार 3 सौ 50 करोड़ रूपये तय करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी व विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए शहरी चुनौती कोष में विशेष छूट प्रदान की जानी चाहिए।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने आज शिमला ज़िले के रोहड़ू व छुहारा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और आगामी पंचायतीराज चुनावों में जीत के लिए रणनीति पर चर्चा की। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार जनहित के कार्यों को अनदेखा कर रही है और विकास कार्य ठप्प हो गए हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार की नाकामियों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## सोलन चुनाव

प्रदेश में 51 नगर निकायों में 17 मई को होने वाले मतदान के लिए 29 व 30 अप्रैल और 2 मई को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। प्रशासन ने इन चुनावों को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इसके अलावा आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भी मतदाता सूचियां तैयार की जा रही हैं। सोलन ज़िले की 2 सौ एक पंचायतों की मतदाता सूचियां तैयार कर ली गई हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि कल 27 अप्रैल को सभी पंचायतों की मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने लगाई लंबी छलांग– फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में कामयाबी मिलने पर वैज्ञानिकों को सराहा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने 6 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर कल पहुंचेगीं शिमला– प्रशासन ने किए सुरक्षा के विशेष प्रबंध।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रहा है हिमाचल।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में हिमाचल को 5 हज़ार 4 सौ करोड़ रूपये प्रदान करने का केंद्र सरकार से किया आग्रह।

---------------------------------------------------------------------------------------------------